<u>प्रेस–नोट</u>

<u>थाना मोठ जिला झाँसी</u>

<u>दिनांक- 14.10.2026</u>

- **झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही प्रभावी कार्यवाही,**
- **थाना मोठ पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**
- **गिरफ्तार अभियुक्तगण को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ, पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, झाँसी श्री विकास कुमार के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना मोठ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 184/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 333, 115(2), 352, 351(3), 109 एवं 126(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण **1. रघुवीर शरण पुत्र गोविन्ददास, उम्र करीब 58 वर्ष, 2. भीमप्रकाश पुत्र गोविन्ददास, उम्र करीब 48 वर्ष, निवासीगण ग्राम इमिलिया, थाना मोठ, जनपद झाँसी** को आज दिनांक 14.10.2026 को थाना मोठ पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर मोठ-जौरा रोड पर सेना की ओर जाने वाले रास्ते के तिराहे पर बने प्रतीक्षालय के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 02 अदद डंडे (आलाकत्ल) बरामद किए गए। गिरफ्तार अभियुक्तगण के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

<u>घटना का संक्षिप्त विवरण-</u> अभियुक्तगण द्वारा पुराने विवाद को लेकर वादी थान सिंह निवासी ग्राम इमिलिया, थाना मोठ, जनपद झाँसी के घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से मारपीट एवं गाली-गलौज की गई। वादी द्वारा घटना का वीडियो बनाने पर अभियुक्तगण मौके से भाग गए। इसके उपरांत वादी अपने पुत्र मोहित एवं माँ रामजानकी के साथ थाना मोठ में प्रार्थना पत्र देने जा रहे थे, तभी रास्ते में अभियुक्तगण द्वारा उन्हें रोककर गाली-गलौज करते हुए लाठी, कुल्हाड़ी एवं तमंचे से हमला किया गया तथा मरा समझकर छोड़ दिया गया। उक्त घटना में वादी के पुत्र मोहित एवं माँ रामजानकी को गंभीर चोटें आईं तथा अभियुक्तगण द्वारा जान से मारने की धमकी भी दी गई।

<u>नाम पता अभियुक्तगण-</u> 1. रघुवीर शरण पुत्र गोविन्ददास उम्र करीब 58 वर्ष

2.भीमप्रकाश पुत्र गोविन्ददास उम्र करीब 48 वर्ष नि0 गण ग्राम इमिलिया थाना मोंठ जिला झांसी

<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम थाना मोठ जनपद झाँसी -</u>

1.उ0नि0 दिनेश चन्द्र थाना मोंठ जिला झांसी

2. उ0नि0 राजेश कुमार यादव थाना मोठ जिला झांसी

3. का0 1453 अंकित थाना मोठ जिला झाँसी

4.का0 धनन्जय तिवारी थाना मोठ जिला झाँसी